## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम ने किया कोविड–19 व डेंगू पर सतर्कता व सावधानी का आह्वान

**ई–संवाद**

## कोविड–19 से लड़ाई में पंचायत प्रतिनिधियों के योगदान की सराहना की

**सवांददाता**

देहरादून। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, ननूरखेड़ा से वर्चुअल क्लास के माध्यम से प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों से ई–संवाद करते हुए मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि कोरोना पर नियंत्रण के लिए हमें स्वच्छता का विशेष ध्यान देना होगा, इसके साथ ही मास्क का उपयोग एवं फिजिकल डिस्टेंस के पालन के लिए लोगों को जागरूक रखना होगा। सावधानी और सतर्कता ही इस बीमारी का सबसे अच्छा निदान है। कोरोना संक्रमण के दौरान विभिन्न राज्यों से उत्तराखण्ड के 03 लाख 28 हजार से अधिक लोग वापस अपने घरों में आये। इसके लिए अनेक राज्यों में ट्रेन एवं बसों की व्यवस्था की गई एवं सबंधित राज्यों से भी सहयोग लिया गया।

मुख्यमंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वाहन किया कि यह समय डेंगू का भी है। इन तीन महीनों में डेंगू से बचाव के लिए भी विशेष




सतर्कता की आवश्यकता है। इसके लिए लोगों में जागरूकता होना जरूरी है।

**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 150 प्रकार के कार्यः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत 150 तरह के कार्य किये जा सकते हैं। जिन क्षेत्रों में लोग कार्य करना चाहते हैं, लगभग सभी प्रकार के कार्य इस योजना के अन्तर्गत आच्छादित है।

प्रदेश में सीमान्त एवं लघु कृषकों के लिए 03 लाख तक का ऋण ब्याज मुक्त दिया जा रहा है। लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए 10 हजार मोटर साइकिल एवं टैक्सी देने की योजना शुरू की गई है, जिसमें पहले दो साल का ब्याज राज्य सरकार वहन करेगी। लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि उनके साथ कुछ और लोग भी रोजगार कर सकें। राज्य में सरकारी सेवा में विभिन्नि पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार, हिमालयन ग्रीन कन्सेप्ट पर फोकस कर रही है, इसका उद्देश्य हिमालयन उत्पादों को बढ़ावा देना है। हिमालयन उत्पादों की राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर डिमांड बहुत अधिक है एवं इन उत्पादों की अच्छी कीमत भी मिलती है। इसका लाभ सीधे किसानों को मिलेगा।

इस अवसर पर वीसी के माध्यम से पंचायतीराज मंत्री अरविन्द पाण्डेय, प्रदेश के सभी जनपदों के जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, सचिव शिक्षा आर मीनाक्षी सुंदरम, निदेशक पंचायतीराज एच. सी. सेमवाल एवं जन प्रतिनिधिगण जुड़े थे।

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून**
**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून में वर्ष 2020–21 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 100 वार्डों में निर्माण कार्यों की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्रों पर दिनांक 31.07.2020 को 3.00 बजे आमंत्रित की जाती हैं, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कार्य का विवरण एवं शर्त नगर निगम की वैबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी। निविदा फार्म, शर्त एवं विवरण नगर निगम, देहरादून के कार्यालय से दिनांक 24.07.2020 से 25.07.2020 तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 3:30 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निवदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ0डी0आर/सी0डी0आर0 एवं अन्य समकक्ष रूप में प्रत्येक निविदा के साथ पृथक–पृथक रूप से लगानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम में निहित है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

पत्रांक 330/सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/2020–21

**कार्यालय नगर निगम, देहरादून**
**निविदा सूचना**

नगर निगम देहरादून में वर्ष 2020–21 में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न 100 वार्डों में निर्माण कार्यों की सीलबन्द निविदा निर्धारित प्रपत्रों पर दिनांक 07.08.2020 को 3.00 बजे आमंत्रित की जाती हैं, जो निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के कार्य का विवरण एवं शर्त नगर निगम की वैबसाईट www.nagarnigamdehradun.com एवं कार्यालय नगर निगम, देहरादून के सूचना पट्ट एवं अभियन्त्रण अनुभाग में देखा जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि से 120 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी। निविदा फार्म, शर्त एवं विवरण नगर निगम, देहरादून के कार्यालय से दिनांक 04.08.2020 से 05.08.2020 तक कार्यालय दिवस में अपराह्न 3:30 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कराकर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा आमन्त्रण की तिथि पर अवकाश होने पर अगली तिथि पर निवदा की जायेगी। रक्षाधन, एफ0डी0आर/सी0डी0आर0 एवं अन्य समकक्ष रूप में प्रत्येक निविदा के साथ पृथक–पृथक रूप से लगानी अनिवार्य होगी। बिना रक्षाधन के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम में निहित है।

नगर आयुक्त, नगर निगम, देहरादून।

पत्रांक 335/सा0नि0वि0/न0नि0/दे0दून/2020–21

## फल–सब्जी विक्रेताओं को बांटे गए सेनिटाइजर और मास्क

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड इकाई की दूरदर्शी एवं प्रगतिशील मुख्य सचिव सुश्री सौम्या शर्मा जी के नेतृत्व में संस्थान के स्वयंसवकों द्वारा दून व हरिद्वार में फल–सब्जी विक्रेताओं को सेनिटाइजर और मास्क बांटे गए। रेडी लगा कर फल एवं सब्जियां बेचने वाले हम सभी के दैनिक जीवन में बेहद अहम भूमिका अदा करते है। इनके द्वारा है ही हमें ताजे फल और सब्जियां प्राप्त होती है। जनसाधारण तक इनकी पहुंच जहां हम सभी के लिए लाभदायक सिद्ध होती है वहीं दूसरी ओर कोरॉना महमारी समेत अनेक बीमारियों के प्रसार का साधन भी ये विक्रेता बन सकते है। राजा मानवाधिकार संरक्षण संस्थान की उत्तराखंड इकाई इसी प्रकार राजा जी के पदचिन्हों पर अपने ओजस्वी मुख्य सचिव सुश्री सौम्या शर्मा जी के मार्गदर्शन में सामाजिक हित के कार्य करता रहेगा।

## 15 दिन से बीएसएनएल की नेट सेवा बंद, लोगों में आक्रोश

**संवाददाता** मुनस्यारी। 15 दिन से बीएसएनएल की नेट सेवा बंद है इससे नाराज लोगो का गुस्सा फूट पड़ा। सीमांतवासियो ने सोमवार को बीएसएनएल का पुतला जलाकर प्रदर्शन किया व विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। सीमांत क्षेत्र की नेट सेवा 15 दिन से बंद पड़ी है। नेट से चलने वाली संचार सेवा बाधित चल रही है। इस बात से नाराज लोगो ने जिप सदस्य जगत मर्तोलिया के नेतृत्व में सोमवार को शास्त्री चौक में जमा होकर पुतला दहन किया। इस मौके पर जिप सदस्य मर्तोलिया ने कहा कि नेट सेवा शुरु नहीं हुई तो हम बीएसएनएल के मुनस्यारी से लेकर पिथौरागढ़ तक के कार्यालयो पर तालाबंदी की जायेगी। इस मौके पर पापडी के ग्राम प्रधान चरन सिंह पापडा, बी.एस.जंगपांगी, मोहन दोसाद, चन्दर राम, नाथो राम, लवराज रावत, मनोज, लक्ष्मण आदि मौजूद थे।

**न्यूज डायरी**

### कवीन्द्र को मिली अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग में चौथी रैंक

**संवाददाता** पिथौरागढ। बाक्सर कवीन्द्र बिष्ट को अंतरराष्ट्रीय बाक्सिंग में चौथी रैंक मिली है। मूल रूप से सीमांत तहसील धारचूला के बुंगबुंग सिनखोला विासी कवीन्द्र बिष्ट वर्तमान में इंडियन एयर फोर्स में जूनियर वारंट आफिसर है। वे 2014 में एयरफोर्स में भर्ती हुए थे। कवीन्द्र को मिली उपलबधि पर विधायक चंद्रा पंत बिशन सिंह चुफाल हरीश धामी मीना गंगोला जिलाअधिकारी डां विजय कुमार जोगदडे उपजिलाअधिकारी तुषार सैनी जिला क्रीडा अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं भेजी है। वही कवीन्द्र ने अपनी सफलता के लिए कोच कैप्टन धरम चंद का नाम लिया है। वही कवीन्द्र के ग्रह क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### सीमांत तहसील मुंसयारी में संचार सेवा चरमराई

**संवाददाता** पिथौरागढ। सीमांत तहसील क्षेत्र मुंसयारी में पिछले तीन रोज से बीएसएनएल की संचार सेवा लडखड़ा चुकी है। क्षेत्र के लोगों को ऐसे में जरूरत के कामकाज पेंशन डाक सेवा रजिस्टी एवं संचार सेवा का व्यवधान झेलना पड रहा है। वही देर सांय मुंसयारी तहसील के सिरमोला क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने क्षेत्र के लोगों को साथ लेकर बीएसएनएल संचार सेवा के कार्यालय में जाकर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।

### युवा बिग्रेड लिंक रोड ने मदद को आगे बडाये कदम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। पेज थ्री पर प्रकाशित मदद की गुहार रिपोर्ट के आने के बाद 16 वर्षीय छात्र रोहन कुमार निवासी जिला पिथौरागढ़ के इलाज के लिए जिले की लिकरोड से युवा बिग्रेड टीम मदद के लिए आगे आई है। बता दें कि होटल मैनेजमेंट कर रहे छात्र रोहन कुमार के दिमाग में बचपन की लगी चोट के कारण छेद बन गया था। इस खबर को पेज थ्री समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। वही इस दौरान संगठन की मुहिम की जमकर सराहना भी हुई है।

## भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस ने हैल्थ एवं लाईफ सिक्योर प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस, भारत के अग्रणी बिजनेस समूहों में से एक, भारती इंटरप्राईजेस एवं दुनिया की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एक्सा के बीच संयुक्त उपक्रम ने आज अपनी तरह के प्रथम 'हैल्थ एंड लाईफ सिक्योर' के लॉन्च की घोषणा की।

कोविड 19 के बीच प्रस्तुत यह एक समावेशी सुरक्षा समाधान है, जो लाईफ कवर, हॉस्पिटलाईजेशन एवं गंभीर बीमारियों के कवर का तिहरा फायदा प्रदान करता है।

# उफनाते नदी और नाले सड़कों पर लगा ब्रेक

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिला मुख्यालय में जहां बादल छाने के बाद मौसम खुल रहा है। वही सीमांत तहसील मुंसयारी व धारचूला में जमकर बारिश हो रही है। बता दें कि क्षेत्रों में सभी नदी व नाले भारी उफान पर है। वही काली व गोरी नदी का जल स्तर काफी विकराल रूप ले चुका है। धारचूला में काली नदी का जल स्तर चेतावनी के करीब पहुंच चुका है। वही थल मुंसयारी मार्ग पर बिर्थी झरना भी पूरे उफान पर बह रहा है। सीमांत तहसील धारचूला में दोनों पेयजल योजनाएं क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

मुसयारी के कई प्राथमिक विधालयों में मलबा घुसने के समाचार मिले है। जानकारी के मुताबिक मुसयारी में साल 2000 से आपदा की मार झेल रहे क्वीरी और जामिया जीमिया गांव का संपर्क कट चुका है। वही गांव को जोड़ने वाले सभी पैदल मार्ग बह चुके है।

### सीमांत तहसील के लोगों का धैर्य देने लगा है जवाब

क्षेत्र के कई आवसीय मकानों खतरे की जद में आ चुके है। वही मार्ग बंद होने से मुंसयारी के गिनी बैंड समकोट की क्षतिग्रस्त सड़क से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए अस्पताल को काफी पैदल मार्ग से होकर जाना पड रहा है। वही अभी तो मानसून की पहली बारिश ने दस्तक ही दे रखी है। वही जो ताजा हालात मिले उसके मुताबिक जिस स्थान पर मार्ग बंद है वह जोन स्लाइड जोन है।

लगातार भरी बारिश के होने से वहां पर मार्ग को खोलना स्वावाभाविक नही लग रहा है। आलम यह है कि मानसून काल में आसमान से यदि आफत बरसने का मुजर लगातार शुरू हो जायेगा तो ऐसे हालातों में सीमांत तहसीलों की लगभग तीन हजार तक की आबादी की जान जोखिम में पड सकती है। इलाके के लोगों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। जहां आज पांच दिन बीतने के बाद लंबो जदोजहद के बाद तवाघाट लिपुलेख सडक खुल पाई है वही अभी भी एक दर्जन से ज्यादा सडक मार्ग बंद ही पडे हुए है।